दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# जब जागे तब सवेरा

पिछले दिनों पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने लीक से हटकर एक बिखरे परिवार को फिर से संवरने का अवसर दिया। जो न्याय के उद्दात मूल्यों की स्थापना के साथ ही एक अनुकरणीय फैसला भी था कि इंसानी रिश्तों में कितनी भी कड़वाहट क्यों न हो, इतनी गुंजाइश बनी रहे कि अलगाव के बाद भी फिर से एक हो सकें। वैचारिक मतभेद, परिस्थिति तथा कई तात्कालिक कारण परिवारों में तलाक की वजह बनते हैं। कुछ फैसले आवेश व अहम के चलते ले लिये जाते हैं। कालांतर अहसास होता है कि हमसे कहीं चूक हो गई। अहसास होता है कि इस टकराव में उस अबोध के साथ अन्याय हो रहा है जिसे मां-बाप दोनों का प्यार चाहिए था। बहादुरगढ़ के इस दंपति के विवाह के चार साल बाद तलाक हो गया। लेकिन फिर अहसास हुआ कि बच्चे के भविष्य के लिये हमारा फैसला गलत है। अत: तलाक को निरस्त करने के लिये हाइकोर्ट में गुहार लगाई। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने आपसी रजामंदी से हुए तलाक की डिग्री को निरस्त करते हुए उनके घर बसाने का रास्ता साफ किया। साथ ही फैसले देने वाली खंडपीठ के जस्टिस राकेश कुमार और जस्टिस अनुपिंदर सिंह ने रचनात्मक सामाजिक संदेश भी दिया कि विवाह जैसे मामले में रास्ते अलग हो जाने पर भी रिश्तों को फिर से पटरी पर लाया जा सकता है। इतना ही नहीं दंपति के घर को फिर से बसाने के लिये उदार दृष्टिकोण अपनाते हुए सिविल प्रक्रिया संहिता की तमाम कानूनी अड़चनों को भी दूर कर दिया।

नि:संदेह खंडपीठ का यह फैसला न्याय के मानवीय चेहरे को दर्शाता है। इसमें जहां न्यायाधीशों की संवेदनशीलता निहित है,वहीं छोटे-छोटे मामलों में तलाक लेने वाले दंपतियों को भी गहरी नसीहत है। निष्कर्ष यह भी है कि तोड़ने से ज्यादा फिर से जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। हाल के दिनों में भारत में तलाक की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। प्रेम विवाहों में भी यह विसंगति नजर आती है। मगर किसी परिवार का बिखराव किसी त्रासदी से कम नहीं है। यह भी संभव है कि असाध्य रोग, आपराधिक प्रवृत्ति, रिश्तों में छल के चलते तलाक अपरिहार्य हों। मगर जहां मतभेद व मनभेद के चलते कृत्रिम कारणों से तलाक होता है उसकी कसक जीवनपर्यंत बनी रहती है। पुरुष-महिला को तो कसक होती है, सबसे ज्यादा बच्चों के मन को टीस पहुंचती है। तलाक लेने वालों के माता-पिता को होती है। उनके मन में बेटी को लेकर असुरक्षाबोध पैदा हो जाता है। यही वजह है कि अदालतें भी तलाक लेने वाले दंपतियों की काउंसिलिंग कराने के अलावा कुछ माह पुनर्विचार के लिये देती हैं ताकि शायद उनके मन में विचार आये कि आ फिर लौट चलें। नि:संदेह पति व प ी के परिवारों की पृष्ठभूमि, परिवेश, शैक्षिक स्तर,आर्थिक स्थिति, आस्था की पद्धति तथा जीवनदर्शन में भिन्नता हो सकती है। हर व्यक्ति का व्यवहार व जीवन शैली में अंतर हो सकता है। एक व्यक्ति दूसरे की तरह कभी नहीं हो सकता। इन भिन्नताओं के बावजूद दैनिक जीवन में सामंजस्य बनाकर मधुरता के साथ जीने का नाम ही तो परिवार है।

# शिरडी जाने वाले करोड़ों भक्तों को रेलवे का तोहफा



नई दिल्ली। अगर आप भी अक्सर शिरडी साईं बाबा के दर्शन के लिए जाते रहते हैं और ट्रेन से यात्रा करते हैं तो रेलवे आपके लिए बड़ी तोहफा लेकर आया है. अब शिरडी जाने वाले भक्त रेल टिकट की बुकिंग के साथ ही साईं बाबा के दर्शन का टिकट भी करा सकेंगे. रेलवे के इस कदम से हर साल शिरडी जाने वाले करोड़ों भक्तों को सहूलियत होगी. रेलवे की नई योजना के तहत श्री शिरडी साईं दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए टिकट बुक कराने की सुविधा चुनिंदा स्टेशन पर मिलेगी.

**इन स्टेशनों का टिकट कराने पर मिलेगा दर्शन का टिकट**

अगर आप भी दर्शन के लिए टिकट बुक कराना चाहते हैं तो शिरडी साईं नगर, कोपरगांव, मनमाड, नासिक और नागरसोल रेलवे स्टेशन के लिए ई टिकट बुक करने पर आप साईं दर्शन के लिए ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं. रेलवे की इस सुविधा की शुरुआत 26 जनवरी से होगी. रेलवे की तरफ से इस सुविधा के शुरू किए जाने पर श्रद्धालुओं को साईं बाबा के दर्शन के लिए जरूरी टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में घंटों खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी.

**फ्री दर्शन टिकट की सुविधा अगले चरण से**

योजना के तहत पहले चरण में साईं दर्शन के लिए भुगतान करने पर टिकट ऑनलाइन दिए जाएंगे. अगले चरण में सुविधा को फ्री दर्शन करने वालों को भी शामिल किया जाएगा. साईं दर्शन के लिए ऑनलाइन टिकट की वैधता ट्रेन के स्टेशन पहुंचने से लेकर 48 घंटे तक मान्य है. अभी कुछ इसी तरह की सुविधा वैष्णों देवी के भक्तों के लिए भी है. वैष्णो देवी जाने वाले यात्रियों को कटरा रेलवे स्टेशन पर यात्री पर्ची मिलने की सुविधा है. हालांकि यात्रा पर्ची और भी अलग-अलग काउंटर पर दी जाती है.

**22 ट्रेनों का रूट बढ़ाने का ऐलान किया**

इससे पहले रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 22 ट्रेनों का रूट बढ़ाने का ऐलान किया है. रेल मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रेलवे ट्रेनों का रूट बढ़ाकर एक नया प्रयोग कर रहा है.

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र को 3,700 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा




मुम्बई (आरएनएस)। गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के लिये अधिक प्रावधान करने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र का घाटा चालू वित्त वर्ष की 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में करीब सात गुणा बढ़कर 3,764.26 करोड़ रुपये हो गया। बैंक को गत वित्त वर्ष की समान तिमाही में 596.70 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

बैंक द्वारा जारी तिमाही परिणाम के मुताबिक, इस अवधि में उसने एनपीए के मद में 4,538.28 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसने 1,343.62 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस अवधि में बैंक का शुद्ध एनपीए 12.17 प्रतिशत से घटकर 5.91 प्रतिशत रह गया। हालांकि, इस दौरान बैंक की कुल आमदनी 2,994.55 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,056.37 करोड़ रुपये हो गयी। बैंक का कुल व्यय भी 2,575.19 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,624.60 करोड़ रुपये हो गया।

# जियो ने लांच किए नए ऑफर्स, हाईस्पीड इंटरनेट के साथ मिलेगी ज्यादा वेलिडिटी




नयी दिल्ली (आरएनएस)। ग्राहकों के लिए एक से बढ़कर एक आकर्षक ऑफर लाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो अब अपने उपभोक्ताओं के वास्ते लंबी अवधि के विशेष टैरिफ प्लान लाई है।

जियोफोन मानसून हंगामा ऑफर के तहत यह प्लान छह और तीन महीने की अवधि के हैं। छह माह के प्लान के लिए उपभोक्ता को 594 रुपए का भुगतान करना होगा और इसकी वैधता अवधि 168 दिनों की होगी। यह असीमित डाटा प्लान है जिसमें ग्राहक को रोजाना आधा जीबी हाई स्पीड 4जी डाटा मिलेगा। इसके बाद भी ग्राहक को डाटा तो चलता रहेगा पर स्पीड 64 केबीपीएस हो जायेगी। दूसरा प्लान भी छह माह के प्लान जैसा ही है। यह 297 रुपए का है जो 84 दिन की वैधता वाला होगा। दोनों ही प्लानों में ग्राहक को फ्री वायस कालिंग।

फ्री एसटीडी प्रतिमाह 300 एमएमएस और जियो के सभी ऐप फ्री उपलब्ध होंगे। जियो फोन उपभोक्ताओं के लिए अभी तक कोई भी लंबी अवधि का प्लान उपलब्ध नहीं था।

# बजट : मोदी सरकार नौकरीपेशा लोगों को दे सकती हैं यह सबसे बड़ा तोहफा



नई दिल्ली। मोदी सरकार की तरफ से आगामी 1 फरवरी को साल 2019 का अंतरिम बजट पेश किया जाएगा. इस बार चुनाव से पहले पेश होने वाले अंतरिम बजट से किसानों के साथ ही नौकरीपेशा और कारोबारी वर्ग को बड़ी उम्मीदें हैं. लेकिन इस बार सबसे ज्यादा उम्मीद नौकरीपेशा लोगों को है. बजट भाषण से पहले और बजट भाषण के दौरान पूरे समय सबकी सबके निगाहें नौकरीपेशा लोगों के लिए राहत पर होगी. इस बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद नौकरीपेशा लोगों को है. नौकरी करने वालों को आयकर छूट सीमा बढ़कर 5 लाख रुपये होने की उम्मीद है. इसके अलावा बजट में कृषि क्षेत्र पर भी खास ध्यान रहेगा.

**स्टैंडर्ड डिडक्शन को भी बढ़ाने का विकल्प**

बजट विशेषज्ञों को भी उम्मीद है कि सरकार आयकर सीमा की मौजूदा छूट को बढ़ाकर सरकार 5 लाख रुपये तक कर सकती है. यह घोषणा हुई तो इसका सबसे ज्यादा फायदा नौकरी पेशा लोगों को होगा.

## डीजल, पेट्रोल के दाम लगातार दूसरे दिन स्थिर



नई दिल्ली (आरएनएस)। डीजल और पेट्रोल के दाम में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन स्थिरता बनी रही। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी देखी जा रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव 61 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है, जबकि पिछले दिनों 63 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चला गया था।

## आज का राशिफल

मेष: आज सिंह राशि में चंद्रमा का संचार हुआ है। सूर्य की राशि में चंद्रमा का आना कई राशियों के लिए शुभ रहने वाला है। देखिए आपके लिए दिन कैसा रहेगा। शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। संभव हो तो प्रवास पर न जाएं।

वृषभ: किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल एवं पूर्ण विश्वास के साथ कर पाएंगे। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। कलाकार तथा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छा दिन है, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

मिथुन: आज का दिन लाभदायी होगा। आर्थिक रुप से सजग रहेंगे। सावधानीपूर्वक पूंजी निवेश करें। विचारों में शीघ्र परिवर्तन आएंगे। नए काम का प्रारंभ करने के लिए दिन अच्छा है। विरोधी परास्त होंगे।

कर्क: मन में ग्लानि रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांई आंख में परेशानी होने की संभावना है। परिजनों से मनमुटाव हो सकता है। व्यवहार नकारात्मक रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता नहीं मिलेगी।

सिंह: आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगें। सरकारी कार्यों में तथा सरकार से लाभ होगा। पिता तथा बड़ों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या: आज आकस्मिक धन खर्च होगा। मित्रों के साथ अनबन न करें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। शांत मन से कार्य करें। क्रोध के कारण काम बिगड़ने की संभावना है।

तुला: आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना होगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। नौकरी व्यवसाय के क्षेत्र में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: घर में आनंद उल्लास रहेगा। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। नौकरी पेशावालों के लिए प्रगति का मार्ग खुलेगा। उच्च पदाधिकारियों तथा बुजुर्गों का सहयोग और प्रोत्साहन मिलेगा।

धनु: तबीयत का ध्यान रखें। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन संतान की समस्या के चलते चिंतित रहेगा। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ होगी।

मकर: मन पर नकारात्मक विचार हावी न होने देने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। नए सम्बंध स्थापित करना हितकर नहीं है।

कुंभ: आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिसके कारण कार्य सफलता के लिए सरलता रहेगा। विपरीत लिंगीय पात्रों के साथ परिचय की संभावना है।

मीन: मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका कार्य सफल बनाएंगे। परिवार में सुख-शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी पर संयम बनाएं रखें। नौकरी में आपका वर्चस्व रहेगा।

# बिछिया पहनने वाली महिलाएं इन बातों का रखें ध्यान



हर स्त्री के लिए उसका पति परमेश्वर के समान होता है और वह अपने पति के लिए सब कुछ करती है। एक अच्छी और गुणवान पत्नी को तो वह हमेशा अपने पति के लम्बी उम्र की दुआ करती रहती है और उसके लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती है पूजा करती है। शास्त्रों में ऐसी बहुत सी चीजों का जिक्र है जिसे करने से स्त्रियों के पतियों पर बुरा संकट आने का खतरा रहता है।

महिलाएं इन बातों का रखें ध्यान-

यदि आप बिछिया पहनती हैं तो इसे अपने पैरों से बिना जरूरत पड़े कभी भी उतारना नहीं चाहिए साथ ही इसे किसी अन्य महिला को देना भी नहीं चाहिए। शास्त्रों के अनुसार खुद के द्वारा पहना हुआ बिछिया कभी भी दूसरी महिला को नही देना चाहिए। इससे आपके पति और मुसीबत और घर में गरीबी आती है इसलिए इसे करने से बचना चाहिए।

## आत्मिक शाति

कौरवों से जुए में अपना सब कुछ हारकर पांडव दर-दर की ठोकरें खा रहे थे। न खाने का ठिकाना था, न सिर पर छत थी। कपड़े भी जीर्ण शीर्ण ही मिल पाते थे। ऐसे में भी पांडव अपना धर्म -कर्म नहीं भूले थे। युधिष्ठिर भी सुबह-शाम बड़ी देर तक पूजा- पाठ किया करते थे। एक दिन जब वह पूजा करके उठे तो द्रौपदी उनसे कहने लगी-महाराज, आप इतना भजन-पूजन करते हो, आप भगवान से यह क्यों नहीं कहते कि वह हमारे संकट दूर कर दें। यह सुनकर युधिष्ठिर सहजता से बोले-सुनो द्रौपदी, मैं परमात्मा का भजन किसी सौदे के लिए नहीं करता। मैं भगवान से कोई अपेक्षा भी नहीं रखता। बल्कि यह भजन-पूजन तो मैं मन की शांति और आत्मिक आनंद के लिए करता हूं। उस समय उत्पन्न हुई प्रसन्नता ही मुझमें परिस्थितियों से निपटने की क्षमता प्रदान करती है। अगर मैं अपने पूजा-पाठ के बदले भगवान से कुछ मांगूंगा तो यह मेरी श्रद्धा नहीं, भगवान से सौदेबाजी होगी।

## रंगभेद की टिप्पणी के लिए पाक टीम के कप्तान सरफराज ने मांगी माफी



डरबन (आरएनएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान सरफराज अहमद ने दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी पर की गई रंगभेद की टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। वेबसाइट ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे मैच में एंडिले फेहुलक्वायो के खिलाफ की गई रंगभेद की टिप्पणी के कारण सरफराज विवादों में फंस गए थे।

सरफराज ने अब अपनी गलती को समझते हुए ट्विटर के जरिए सभी से माफी मांगी है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे वनडे मैच में की गई टिप्पणी के लिए मैं माफी मांगता हूं। यह मेरी निराशा के भाव थे, जो स्टंप माइक में सुनाई दे गए। ऐसे में मैं उन सभी से माफी मांगता हूं जिन्हें मेरी इस बात से ठेस पहुंची है।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, मैंने किसी खास व्यक्ति के खिलाफ यह बात नहीं की थी। मैं किसी को निराश नहीं करना चाहता था। मैं नहीं चाहता था कि कोई इसे सुने और यह बात प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों या क्रिकेट प्रशंसकों तक पहुंचे।

## महिला क्रिकेट : रोड्रिगेज, स्मृति के दम पर भारत ने न्यूजीलैंड को हराया



नेपियर (आरएनएस)। स्मृति मंधाना (105) और जेमिमाह रोड्रिगेज (नाबाद 81) की शानदार पारियों के दम पर भारतीय क्रिकेट टीम ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को नौ विकेटों से हरा दिया। मैक्लीन पार्क मैदान पर खेले गए मैच की जीत से भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है।

भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया और अपने गेंदबाजों के दम पर मेजबान टीम की पारी को 192 रनों पर ही समेट दिया। इस पारी को समेटने में भारत के लिए एकता बिष्ट और पूनम यादव ने अहम भूमिका निभाई। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा ने दो और शिखा पांडे ने एक विकेट हासिल किया।

न्यूजीलैंड के लिए इस पारी में सूजी बेट्स ने ही सबसे अधिक 36 रन बनाए। इसके अलावा, टीम की कोई भी बल्लेबाज खास कमाल नहीं कर पाई। न्यूजीलैंड की ओर से मिले 193 रनों के लक्ष्य को हासिल करने में भारतीय टीम को अधिक परेशानी नहीं हुई। मंधाना ने रोड्रिगेज के साथ 190 रनों की शानदार साझेदारी की।

भारतीय टीम जीत से केवल तीन रन दूर थी कि इसी मौके पर एमीलिया कैर ने मंधाना को ली ताहुहु के हाथों कैच आउट कर भारतीय टीम का पहला विकेट गिराया।


## बैडमिंटन : इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में श्रीकांत



जकार्ता (आरएनएस)। भारत के अग्रणी पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वर्ल्ड नम्बर-8 श्रीकांत ने पुरुष एकल वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाड़ी केंटा निशिमोटो को मात दी।

श्रीकांत ने अंतिम-16 दौर के मुकाबले में वर्ल्ड नम्बर-10 निशिमोटो को 30 मिनट के भीतर सीधे गेमों में 21-14, 21-9 से मात देकर अंतिम-8 में कदम रखा। चार्टर फाइनल में शुक्रवार को श्रीकांत का सामना इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी या चीन के शी युकी में से किसी एक खिलाड़ी से होगा।

## घर पर ही बनाए मटन कीमा कबाब, जानिये रेसिपी



मटन कीमा : 1 किलोग्राम
चने की दाल : 2 कप
मसाले
नमक स्वादानुसार
काली मिर्च : 2 छोटा चम्मच
बड़ी इलाइची : 10-12
खड़ी धनिया : 2 छोटा चम्मच
खड़ा मिर्चा 10-12 या स्वादानुसार
लहसुन : 1 कप छिला लहसुन
प्याज़ : चौकोर महीन कटी : 1 कप
अदरक : 4 छोटा चम्मच
हरी मिर्च स्वादानुसार
हरी धनिया : 1 कप

एक कूकर में कीमा,चने की दाल और सभी मसाले और 4 कप पानी डालकर 2 सीटी लगाकर धीमा कर दें। प्रेशर होने पर एक छन्नी से छान लें और सिल पर महीन पीस लें।

पिसे मिक्सचर में प्याज़,अदरक,हरी मिर्च और हरी धनिया मिला कर टिक्की बना लें और एक नॉन स्टिक तवे पर रिफाइंड आयल डालकर क्रिस्प होने तक सेक लें और अब गोल प्याज़, नीम्बू और हरी चटनी के साथ सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-58

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छ: ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू-58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.57का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |